आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 21.08.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक—2025 पारित किया।
- प्रदेश में आपदा के दौरान मृत्यु होने के 72 घंटे में प्रभावित परिवार को अनुग्रह राशि देने के जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राज्य में खेलों के व्यापक विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पंतनगर विश्वविद्यालय में श्री अन्न महोत्सव का शुभारम्भ किया।

**ऑनलाइन गेमिंग विधेयक**

संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। राज्यसभा से आज ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। इससे पहले कल लोकसभा से यह बिल पारित किया गया।

यह विधेयक ई—स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने और हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. मुकुल शर्मा ने सरकार के इस विधेयक को युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए अच्छा बताया है। उन्होंने कहा कि गेमिंग की लत के कारण कई युवा मानसिक तनाव का शिकार हो जाते थे, जिससे उनके माता—पिता काफी चिंतित रहते थे।

इस बीच, विधेयक के पारित होने के बाद अभिभावकों और आम लोगों में खुशी की लहर देखी गई। अधिकांश लोगों ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के हित में एक सकारात्मक पहल बताया। ऊधमसिंह नगर जिल के रुद्रपुर निवासी रमेश कुमार जैन ने इसे सरकार की एक अच्छी पहल बताया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग के कारण शहर के काफी परिवार आर्थिक और सामाजिक नुकसान उठा चुके हैं।

**आपदा/मृत्यु राशि**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में आपदा के दौरान किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के बाद अनुग्रह राशि का वितरण 72 घंटे में प्रभावित परिवार को अनिवार्य रूप से करने के जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर मृतक की शिनाख्त या अन्य किसी कारण से कुछ विलंब हो रहा हो, तो एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से अनुग्रह राशि मृतक के आश्रित को हर

हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। आज मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव, विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर इस संबंध में उन्हें अवगत कराया। इस दौरान श्री सुमन ने मानसून से उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा भी की। उन्होंने मानसून अवधि में अब तक हुई क्षति को लेकर जिलों से जानकारी ली। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को मानसून अवधि में अब तक हुई विभागीय क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में गठित क्विक रिस्पांस टीमों को लेकर भी जानकारी ली। साथ ही हर तहसील के लिए एक रेस्क्यू व्हीकल खरीदने के निर्देश दिए, जिसका उपयोग आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों के लिए किया जाएगा।

## राशन कार्ड सत्यापन

रुद्रप्रयाग जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत जारी राशन कार्डों का सत्यापन कार्य तेजी और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। पूर्ति विभाग द्वारा 8 अगस्त से 20 अगस्त तक 15 हजार 495 राशन कार्डों का सत्यापन किया गया, जिसमें से 119 अपात्र कार्डों को निरस्त किया गया। अब तक कुल 1 हजार 840 कार्डों को अपात्र घोषित कर हटाया जा चुका है। इस संबंध में आज जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने डोर–टू–डोर सत्यापन प्रक्रिया को और अधिक तेजी से चलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पात्र लोगों को ही राशन कार्ड आवंटित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अपात्रों को लाभ पहुंचाने की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में खेलों के व्यापक विकास, उच्च स्तरीय खेल अवस्थापना के निर्माण और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अल्मोड़ा जिले के डीनापानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधा की स्थापना, देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आईस स्केटिंग रिंग का संचालन, नई टिहरी में साहसिक प्रशिक्षण केन्द्र का उच्चीकरण, चंपावत के महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग की सुविधा और राज्य के 95 विकासखण्डों में बहुउद्देशीय क्रीड़ाहॉल के निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने का भी आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मुख्यमंत्री को हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

**श्री अन्न महोत्सव**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में आयोजित श्री अन्न महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और किसानों को  पशुचिकित्सा प्राथमिक उपचार किट वितरित किए। राज्यपाल ने मिलेट्स का ''लोगो'' और पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। इससे पहले उन्होंने श्री अन्न महोत्सव में लगे स्टॉलों का निरीक्षण करने के अलावा जीर्णोद्धार किए गए गांधी हॉल का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड को श्रीअन्न उत्पादन के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि यहां की जलवायु, मिट्टी और परंपराएं मंडुवा, झंगोरा, कोदा और रामदाना जैसी फसलों के लिए आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि ये फसलें किसानों की आय में भी वृद्धि करती हैं।

**नंदादेवी मेला बैठक**

आगामी 28 अगस्त से शुरु होने जा रहे अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मां नन्दा देवी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर नन्दा देवी परिसर में जिला प्रशासन, पुलिस और मेला समिति के आयोजकों और पदाधिकारियों की बैठक हुई। उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी।

मां नन्दा देवी मेला समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के साथ हुई बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।